**श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा मुजफ्फरपुर जिला के सभी नगर निकायों के नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ मुजफ्फरपुर में दिनांक 11.11.2016 को आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :-**

बताया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के सात निश्चय योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु द्रुतगति से कार्रवाई की जानी है तथा आज दिनांक 11.11.2016 को माननीय मुख्यमंत्री जी का मुजफ्फरपुर का परिभ्रमण कार्यक्रम इन्हीं कार्यों के तहत् है और यह बैठक नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित तीन निश्चय योजना, जो नगर निकायों से संबंधित है, वह निम्नवत है :-

1. हर घर नल जल।
2. हर घर शौचालय।
3. पक्की नाली गली योजना।

1. **हर घर नल जल :-**

बताया गया कि हर घर नल जल योजना हेतु 250, 500 एवं 1000 घरो के लिए सभी नगर निकायों को एक मॉडल प्राक्क्लन भेजा जा चुका है। इसके साथ ही एक गाईडलाईन भी भेजा गया है। भेजे गये मॉडल एवं गाईडलाईन के तहत चयन किया जाना है। इसमें अगर किन्ही को कोई कठिनाई महसूस होगी तो श्री वाजिद अली अंसारी, कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य जलपर्षद से सम्पर्क कर सकते हैं, जिनका मोबाईल नं0-9430556285 एवं 8544427915 है।

निदेश दिया गया कि हर वार्ड में पानी को स्टोरेज करने के लिए एक-एक पिलरनुमा टावर बनाकर उस पर पी0भी0सी0 टैंक रखने की व्यवस्था की जाय ताकि लाईन नहीं रहने की स्थिति में उससे जल की आपूर्ति की जा सके।

यह भी बताया गया कि जिन निकायों में तकनीकी पदाधिकारी नहीं है एवं तकनीकी सहायता लेने की आव यकता है, तो इसके लिए जिलाधिकारी से सम्पर्क कर पी0एच0ई0डी0 से एक अभियंता की सेवा लेने की कार्रवाई की जाय।

(i) **मुजफ्फरपुर नगर निगम :-** मुजफ्फरपुर नगर निगम की समीक्षा किये जाने के क्रम में बताया गया कि इस संबंध में अलग बैठक बुलाकर निर्णय लिया जायेगा।

(ii) **मोतीपुर नगर पंचायत :-** सिटी मैनेजर, मोतीपुर द्वारा बताया गया कि मोतीपुर नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है। 2 पम्प हाउस है, जो पी0एच0ई0डी0 द्वारा निर्मित है। 01 पम्प हाउस से 35 घरों को कनेक्शन मिला है। 01 पम्प हाउस बना हुआ है, लेकिन अभी तक पाईप लाईन नहीं बिछा है।

यह पूछा गया कि अभी सरकार से इसके लिए कोई राशि मिली है या नहीं ? सिटी मैनेजर द्वारा बताया गया कि 5.71 करोड़ की राशि मिली है। कार्य की प्रगति के बारे मे पूछे जाने पर बताया गया कि 02 वार्ड का टेन्डर किया गया है। 08 एवं 12 वार्ड का टेन्डर 2-3 दिनों में कर दिया जायेगा। सभी वार्डों का टेन्डर 25 से 30 नवम्बर तक करने का निदेश दिया गया।

(iii) **साहेबगंज नगर पंचायत :-** कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा बताया गया कि साहेबगंज नगर पंचायत में कुल 13 वार्ड हैं। पूर्व से 03 पम्प हाउस बना हुआ है, जो पी0एच0ई0डी0 द्वारा निर्मित है। नेटवर्क तो है, लेकिन वार्ड से जुड़ा नहीं है। यह पम्प हाउस वर्ष 2007-08 का है।

सभी वार्डों का जल–संयोजन करने हेतु 30 नवम्बर तक निविदा निकालने का निदेश दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य हेतु 4.69 करोड़ रू0 की स्वीकृति सरकार द्वारा प्रदान की गयी है।

(iv) **कांटी नगर पंचायत :–** कार्यपालक पदाधिकारी, कांटी द्वारा प्रधान सचिव को बताया गया कि कांटी नगर पंचायत में कुल 14 वार्ड है। पूर्व से दो पम्प हाउस बना हुआ है, जो एन0टी0पी0सी0 के क्षेत्र में पड़ता है। वर्त्तमान में दो पम्प हाउस का निर्माण पी0एच0ई0डी0 द्वारा कराया गया है, लेकिन वह अभी आधा–अधूरा है।

निदेश दिया गया कि पी0एच0ई0डी0 द्वारा जो काम कराया गया है, उसकी डिटेल की मांग की जाय कि वे कहां–कहां कौन–कौन सा कार्य किये है। साथ ही सभी नगर निकायों को भी अपने–अपने स्तर से इस संबंध में पत्र भेजकर डिटेल्स की मांग करने का निदेश दिया गया है।

यह भी बताया गया कि कांटी नगर पंचायत को इस कार्य के लिये 6.02 करोड़ रू0 की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**2. हर घर शौचालय :–**

बैठक में उपस्थित सभी नगर निकायों के नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारियों को बताया गया कि सरकार द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है, उससे उपर जाने में कोई दिक्कत नहीं है, इसलिए लक्ष्य से अधिक लाभुकों की संख्या होती है, तो उन्हें इसमें जोड़ा जाय।

सामुदायिक शौचालय के निर्माण के संबंध में यह भी स्पष्ट किया गया कि जहां भी शौचालय का निर्माण करा रहे है, वहां कुछ ऐसे स्थान भी मिलेंगें, जहां जमीन कम होगी एवं आबादी अधिक है, वैसे स्थानों पर दो मंजिला सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही उक्त स्थान पर एक चापाकल भी लगायी जाय।

यह भी स्पष्ट किया गया कि जहां पर 05 का मॉडल है, वहां 10 का भी निर्माण करा सकते है।

(i) **मुजफ्फरपुर नगर निगम :–** स्पर के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चार स्थानों पर सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिये स्थल का चयन किया गया है तथा निर्माण कार्य भी प्रारंभ है।

निर्देश दिया गया कि इस माह के अंत तक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य को पूर्ण अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाय।

(ii) **मोतीपुर नगर पंचायत :–** सिटी मैनेजर, मोतीपुर द्वारा बताया गया कि 602 में काम शुरू किया गया है, जिसमें 145 पूर्ण हो चुका है। कुल–1700 आवेदन आये है।

निर्देश दिया गया कि माह नवम्बर तक 1200 का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण कराया जाय।

(iii) **साहेबगंज नगर पंचायत :–** कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा बताया गया कि साहेबगंज नगर पंचायत को 616 का लक्ष्य दिया गया है। इस बिन्दु पर स्पष्ट किया गया कि पुनरीक्षित लक्ष्य 1600 का है। इस माह से लेकर दिसम्बर के अंत तक कुल 1200 में कार्य पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया है।

(iv) **कांटी नगर पंचायत :–** कार्यपालक पदाधिकारी, कांटी द्वारा बताया गया कि कांटी नगर पंचायत को 1751 का लक्ष्य दिया गया है, जिसके विरूद्ध कुल 3700 आवेदन प्राप्त हुए है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है।

स्पष्ट किया गया कि जब तक प्रथम किस्त की राशि विमुक्त नहीं हो जाती है, तब तक कार्य को प्रारंभ नहीं माना जाएगा। माह नवम्बर के अंत तक 1200 में कार्य पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया। यह भी निदेश दिया गया कि जी0ई0ओ0 टैगिंग कराने में कठिनाई हो रही है तो इसके लिये आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक से सम्पर्क कर जी0ई0ओ0 टैगिंग कराना सुनिश्चित करें।

3. **<u>पक्की गली–नाली योजना :–</u>**

निदेश दिया गया कि हर वार्ड में लगभग बराबर राशि की योजना ली जाय। विशेष परिस्थिति में आवश्यकता को देखते हुए ज्यादा–से–ज्यादा 20 प्रतिशत अधिक राशि के अंदर की राशि की योजना ली जा सकती है। इसके लिये सरकार स्तर से आदेश जारी करने की जानकारी दी गई।

प्रधान सचिव द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि निश्चय योजना अन्तर्गत जो भी सड़क–गली का निर्माण हो, उसमें पेयजल आपूर्ति का पाईपलाईन बिछाने के साथ–साथ एक और प्लास्टिक पाईप बिछाने की कार्रवाई की जाय ताकि उससे अन्य तरह के लगने वाले वायरों को निकाला जा सके।

4. **<u>स्वच्छ भारत मिशन :–</u>**

कूड़ा ट्रीटमेन्ट प्लान्ट लगाने के लिये सभी नगर निकायों को जमीन चिन्हित कर सरकार को सूचना देने का निदेश दिया गया।

नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि मुजफ्फरपुर नगर निगम का रौतिनियां में लगभग 22 एकड़ जमीन है तथा वर्त्तमान में वहीं पर ही डम्पिंग पीच की खुदाई कर कूड़ा डाला जा रहा है। साथ ही चहारदिवारी का भी निर्माण कराया जा रहा है।

डोर–टू–डोर कूड़ा उठाव पर भी चर्चा की गई तथा इस पर हो रहे कार्यों की जानकारी सभी नगर निकायों से प्राप्त की गई। साथ ही इसके लिये हर घर में डबल डस्टबीन रखने का सुझाव दिया गया ताकि प्लास्टिक का सामान एक डस्टबीन में एवं अन्य कचड़ा एक डस्टबीन में रखा जा सके। इससे कूड़ा ट्रीटमेंट प्लान्ट लगने के बाद खाद्य बनाने एवं रिसाईक्लिंग करने में सुविधा होगी।

नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि अपने कर्मचारियों से बिना कोई शुल्क लिये डोर–टू–डोर कूड़ा उठाने की कार्रवाई की जा रही है।

डोर–टू–डोर कूड़ा उठाव के लिये कुछ राशि निर्धारित करने की आवश्यकता महसूस की गई तथा इसके लिये शीघ्र निर्णय लेकर दिशानिर्देश जारी करने का आश्वासन दिया गया।

ओ0डी0एफ0 कार्यों की राशि में से 20 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में भी निर्धारित करने का निर्णय लिया गया ताकि जिस वार्ड के वार्ड पार्षद इस कार्य को कराने में अग्रणी भूमिका निभायेंगें, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये इस मद में कर्णांकित राशि का प्रथम को 50 प्रतिशत, द्वितीय को 30 प्रतिशत एवं तृतीय को 20 प्रतिशत राशि प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जा सके, ताकि लोग इसमें बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले सके। इसके लिये भी शीघ्र दिशा निर्देश जारी करने की जानकारी दी गई।

5. **<u>हाउसिंग फॉर ऑल (सबके लिये आवास) :–</u>**

(i) **<u>मुजफ्फरपुर नगर निगम :–</u>** नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि कुल निर्धारित लक्ष्य 769 के विरूद्ध 394 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि विमुक्त कर दी गई है तथा उनके द्वारा कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। शेष लाभुकों को आवेदन पत्र की जांच कर जी0ई0ओ0 टैगिंग करने की कार्रवाई की जा रही है। 25 लाभुकों को द्वितीय किस्त की राशि जारी करने हेतु भी कार्रवाई हो रही है।

इस संबंध में स्पश्ट निदेश दिया गया कि इस माह के अंत तक सभी लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि देकर शत्–प्रतिशत कार्य को पूरा कराया जाय।

(ii) **मोतीपुर नगर पंचायत :–** सिटी मैनेजर, मोतीपुर द्वारा बताया गया कि एल0पी0सी0 नहीं मिलने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है।

इस संबंध में निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी से स्वयं मिलकर एल0पी0सी0 निर्गत करायी जाय। यह भी निदेश दिया गया कि माह नवम्बर के अंत तक सभी कार्य प्रारंभ कराया जाय।

(iii) **साहेबगंज नगर पंचायत :–** कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा बताया गया कि अध्यक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। अध्यक्ष का चुनाव होते ही कार्य प्रारंभ करा दिया जायेगा।

(iv) **कांटी नगर पंचायत :–** कांटी नगर पंचायत की कार्य की प्रगति निराशाजनक प्रतिवेदित होने के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया।

निदेशक, नगरपालिका प्रशासन–सह–संयुक्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी, कांटी द्वारा बताया गया कि कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी है। इसके लिये आग्रह किया गया कि सिटी मैनेजर, नगर निगम मुजफ्फरपुर को इसमें सहयोग करने हेतु कम–से–कम सप्ताह में एक दिन कार्य करने का निदेश दिया जाय।

नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर द्वारा सप्ताह में एक दिन शनिवार को कांटी नगर पंचायत में कार्य करने हेतु सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ आज की बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

17/11/2016

**(चैतन्य प्रसाद)**
प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक 8478 न0वि0 एवं आ0वि0/पटना, दिनांक 18/11/16

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य जल पर्षद, पटना/सभी विभागीय वरीय पदाधिकारी/Team Leader, SPUR एवं Team Leader, NULM (PMC) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/11/2016
प्रधान सचिव

ज्ञापांक 8478 न0वि0 एवं आ0वि0/पटना, दिनांक 18/11/16

प्रतिलिपि– नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर/नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, मोतीपुर, कांटी एवं साहेबगंज/कार्यपालक अभियंता, डूडा, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

17/11/2016
प्रधान सचिव